Regarding need to build hospitals equipped with modern facilities in Muzaffarnagar and Shamli districts in Uttar Pradesh-Laid

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक **(मुजफ़्फ़रनगर) :** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय, जनपद मुजफ्फरनगर, शामली में बड़ी तेजी से फ़ैल रहे जानलेवा बीमारियों कैंसर, हृदय रोग, पक्षाघात और लीवर फेलियर और इनके इलाज हेतु यहाँ पर्याप्त सुविधाओ के उपलब्ध ना होने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नवीन सुविधाओं से लैस अस्पताल नहीं है और जो हैं भी उनमे आधुनिक सुविधाये अपर्याप्त हैं इसलिए यहाँ के निवासियों को इलाज के लिए दिल्ली आना पड़ता है जो बड़ा खर्चीला और कष्टप्रद होता है । अत: मुजफ्फरनगर और शामली में इन विशेष सुविधाओं से लैस एक अस्पताल की अत्यन्त आवश्यकता है तथा यदि यह संभव न हो तो लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ स्थित अस्पताल में कैंसर, हृदय रोग, पक्षाघात और लीवर फेलियर के लिए विशेष देखभाल यूनिट (Special Care Unit) को उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है । अत: मै सरकार से इस विषय पर अविलम्ब ध्यान देने की मांग करता हूँ ।